
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

**09 सितंबर 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीत कर दिखाओ उन लोगों को जो

तुम्हारी हार का इंतजार कर रहे हैं।

**स्वामी विवेकानंद जी**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 09 सितम्बर

1. **हिमालय दिवस–** हिमालय भारत में स्थित एक प्राचीन पर्वत श्रृंख्ला है। हिमालय को 'पर्वतराज' भी कहा जाता है जिसका अर्थ है 'पर्वतों का राजा'। हिमालय अध्यात्म चेतना का ध्रुव केन्द्र है। 'हिमालय का हृदय' कहलाने का श्रेय उत्तराखंड को जाता है। उत्तराखंड सरकार ने 9 सितम्बर को 'हिमालय दिवस' के रूप में घोषित किया है। हिमालय के पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूकता सृजन हेतु हिमालय दिवस मनाया जाता है।

2. **रामवृक्ष बेनीपुरी का निधन–** भारत के प्रसिद्ध उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार, क्रांतिकारी, पत्रकार रामवृक्ष बेनीपुरी का निधन 9 सितम्बर, 1968 ई. को हुआ था। इनमें राष्ट्रीयता की भावना कूट–कूट कर भरी हुई थी। इन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आठ वर्ष जेल में बिताये। इनकी उत्कृष्ट रचनाओं में 'गेहूँ और गुलाब', 'माटी', 'जंजीरे और दीवारें', 'मील के पत्थर', 'चित्ता के फूल' आदि प्रमुख हैं।
   - **संदर्भः** वर्ग 6 की हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'किसलय भाग–1'** के **पाठ 11** तथा वर्ग 8 की हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'किसलय भाग 3' के पाठ 4** से जोडकर बच्चों को बतायें।

3. **लियो टॉल्सटॉय का जन्म–** महान रूसी उपन्यासकार नॉव काउंट लेव निकोलायेविच टॉल्सटॉय का जन्म 9 सितम्बर 1828 ई. को रूस में हुआ था। इन्होंने रूसी सेना में भर्ती होकर क्रीमियाई युद्ध में भाग भी लिया, लेकिन अगले ही वर्ष सेना छोड़ दी। उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में 'युद्ध और शान्ति', 'अन्ना करेनिना' जैसे उपन्यास शामिल हैं।

4. **भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म–** प्रसिद्ध हिन्दी के लेखक और नाटककार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म 9 सितम्बर, 1850 ई. को वाराणसी में हुआ था। उनका मूल नाम 'हरिश्चन्द' था, 'भारतेन्दु' उनकी उपाधि थी। भारतेन्दु हरिश्चन्द को 'आधुनिक हिन्दी का पितामह' कहा जाता है। वे हिन्दी में आधुनिकता के पहले रचनाकार थे। उन्होंने कविता, नाटक, व्यंग्य आदि विधाओं में रचनाएं लिखी है। उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में 'अन्धेर नगरी चौपट राजा', 'अन्धेर नगरी', 'भारत दुर्दशा' आदि प्रमुख है।
   - **संदर्भः** वर्ग पाँच की हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'कोंपल भाग 3'** के **पाठ 19 'अँधेर नगरी'** से जोडकर बच्चों को बतायें।

5. **शिक्षा को हमले से बचाने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस–** वर्ष 2020 में पहली बार शिक्षा को हमले से बचाने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया था। यह दिवस विश्व के कम शिक्षित देशों में रहने वाले बच्चों की दुर्दशा और उनकी शैक्षिक आवश्यकता पर ध्यान आर्कषण के लिए मनाया जाता है। यह दिवस ऐसे बच्चों पर निरंतर हिंसा के प्रभावों और शिक्षा तक पहुंचने में उनकी क्षमता पर चिंता प्रकट करता है।

Monday

मधु प्रिया


# हिमालय दिवस 9 सितंबर




हिमालय दिवस 9 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिवस को उत्तराखंड और हिमाचल सरकार मनाती है। इसकी शुरुआत आधिकारिक तौर पर 9 सितंबर 2014 को उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत ने की थी। हिमालय दिवस (Himalaya Day )मनाने का मुख्य उद्देश्य हिमालय पर पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण का संदेश पूरे राज्य में फैलाना है। हिमालय क्षेत्र में 11 राज्य हैं, जिनमें उत्तराखंड, हिमाचल, असम, जम्मू कश्मीर, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा है। इसका पूरा क्षेत्रफल 5 लाख 93 हजार वर्ग किलोमीटर है। 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी 7 करोड़ 51 लाख 58 हजार आबादी है। 52 जिलों वाले हिमालय के 40 लोकसभा सदस्य हैं। यह सालाना 10 करोड़ क्यूबिक मीटर पानी एशिया महाद्वीप को देता है। उत्तर भारत की नदियों में सालाना 650 घन मीटर पानी हिमालय से आता है। देश की 50% आबादी की प्यास बुझाता है। भारत में हिमालय का 2500 किलोमीटर का क्षेत्र है जो 400 किलोमीटर तक फैला है।

# जयंती विशेष 09 सितंबर

राकेश कुमार



आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह कहे जाने वाले

## भारतेन्दु हरिश्चंद्र

की जयंती पर शत्-शत् नमन

9 सितम्बर, 1850-6 जनवरी, 1885

**भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र** *Bharatendu Harishchandra*, जन्म: 9 सितम्बर सन् 1850, काशी; मृत्यु: 6 जनवरी, सन् 1885) **आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह** कहे जाते हैं। भारतेन्दु हिन्दी में आधुनिकता के पहले रचनाकार थे। जिस समय भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का अविर्भाव हुआ, देश ग़ुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 09.09.2024

## वैज्ञानिक तर्क

**वैज्ञानिक तर्क में मूल तर्क और समस्या-समाधान क्षमताएं शामिल होती हैं और इसमें परिकल्पनाओं का निर्माण, परिकल्पनाओं के परीक्षण के लिए प्रयोगों की रूपरेखा तैयार करना, निश्चित साक्ष्य को अनिश्चित साक्ष्य से अलग करना, तथा परिणामों को ऐसे साक्ष्य के रूप में व्याख्या करना शामिल होता है जो परिकल्पनाओं का समर्थन या खंडन करते हैं।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




दुनिया का पहला होटल जो क्रूज शिप की तरह डिज़ाइन किया गया है, साउथ कोरिया में है और इसका नाम "सन क्रूज़ रिज़ॉर्ट" है। यह होटल 500 फीट से ज़्यादा लंबा और करीब 150 फीट ऊंचा है। इसमें 211 कमरे, छह रेस्तराँ, और एक वॉलीबॉल कोर्ट है। यह होटल एक ऊंची चट्टान पर ऐसा लगता है जैसे यह जहाज फंस गया हो।

www.teachersofbihar.org

स्रोत:
दैनिक भास्कर

TOB

राकेश कुमार


# खेल कॉर्नर

## पेरिस पैरालिम्पिक्स 2024

पेरिस पैरालिंपिक

## मेडल टैली

| रैंक | देश | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | टोटल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 94 | 73 | 49 | 216 |
| 2 | ब्रिटेन | 47 | 42 | 31 | 120 |
| 3 | अमेरिका | 36 | 41 | 25 | 102 |
| 4 | नीदरलैंड | 26 | 17 | 12 | 55 |
| 5 | इटली | 24 | 15 | 32 | 71 |
| 6 | ब्राजील | 23 | 25 | 38 | 86 |
| 7 | यूक्रेन | 21 | 26 | 32 | 79 |
| 8 | फ्रांस | 19 | 27 | 28 | 74 |
| 9 | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 16 | 28 | 62 |
| 10 | जापान | 14 | 10 | 15 | 39 |
| 16 | भारत | 7 | 9 | 13 | 29 |


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
9 सितंबर
हिमालय दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari

9 सितंबर



आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह

# भारतेंदु हरिश्चंद्र

की जयंती पर उन्हें सादर नमन

9 **सितंबर** 1850 - 6 **जनवरी** 1885

*www.teachersofbihar.org*

*Punita Kumari*

# हिमालय दिवस

9 सितंबर



**आइए हम सब मिलकर हिमालय एवं इसके पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें।**

Madhu priya


पुण्यतिथि पर
कोटि-कोटि नमन।
रामवृक्ष बेनीपुरी
जन्म 23 दिसम्बर 1899
मृत्यु 9 सितम्बर 1968
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
9 सितंबर 1850 - 6 जनवरी 1885
www.teachersofbihar.org
Madhu priya